Title: Regarding steps to check-in the drug-addiction menace in Youth of Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): धन्यवाद सभापति महोदय।

जयपुर सहित राजस्थान के युवाओं में तीव्र गति से नशे की प्रवृत्तियों पर स्थायी रोकथाम के लिए मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज तेज गति से स्कूलों में भी नशे की दुष्प्रवृत्ति फैल रही है। सामान्य परिवारों से अध्ययन के लिए आने वाले युवा छात्रों को विभिन्न गिरोह जानबूझकर बहला-फुसलाकर नशे के दलदल में धकेल रहे हैं। हाल ही में समाचार-पत्रों के माध्यम से जानकारी मिलती रहती है कि नशे का कारोबार गहरी जड़ें स्थापित कर चुका है। हालांकि राजस्थान सरकार ने इसके लिए एंटी ड्रग्स इम्फोर्समेंट एजेंसी बनायी है, लेकिन संभवत: या तो उसका स्वरूप कमजोर है या कार्रवाई की तत्परता में कमी है। मैं यह कहना चाहूंगा कि आतंकवाद की तरह भारत को नशे की प्रवृत्ति भी खोखला कर रही है। स्वामी विवेकानंद के भारत में हमें इस दुष्प्रवृत्ति को पूर्ण रूप से नष्ट करने की आवश्यकता है और कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। अत: युवाओं के भविष्य को ठीक रखने के लिए मैं केंद्र सरकार से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि नार्कोटिक ब्यूरो के अधीन एक विशेष सुदृढ़ यूनिट राजस्थान में नियुक्त की जाए, ताकि इस बढ़ते हुए नशे के कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके। धन्यवाद।